जागरण

# धनबाद में नकली गुलाब जल बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, 59 एमएल की करीब दो हजार शीशी बरामद

## Dhanbad News

Publish Date:Fri, 20 Mar 2020 10:11 AM (IST)



अगर आप अपने चेहरे व आखों की सफाई के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल करते हैं तो जरा ठहरिए क्योंकि शहर में नकली गुलाब जल की फैक्ट्री चल रही थी जिसका खुलासा पुलिस ने किया है।

**धनबाद, जेएनएन।** शहर के बरवाअड्डा के कल्याणपुर में गुरुवार को डाबर कंपनी का नकली गुलाब जल बनाने का खुलासा हुआ। एसएसपी के निर्देश पर बरवाअड्डा पुलिस ने कल्याणपुर स्थित छठीराम साव के घर में छापेमारी की। डाबर कंपनी का नकली गुलाब जल और खाली शीशी जब्त करते हुए छठीराम को हिरासत में ले लिया।

**कंपनी की शिकायत पर हुई कार्रवाई :** डाबर कंपनी को जानकारी मिली थी कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर में नकली गुलाब जल बनाकर शीशी पर डाबर कंपनी का रैपर लगाकर बेचा जा रहा है। कंपनी के अधिकारी कुमार दयाशंकर ने गुरुवार को धनबाद एसएसपी से मिलकर उन्हें नकली डाबर गुलाब जल बनाने की जानकारी दी। एसएसपी के निर्देश पर बरवाअड्डा पुलिस ने शंकर के साथ कल्याणपुर स्थित छठीराम साव के घर में छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस ने 59 एमएल की लगभग दो हजार शीशी बरामद की। सैकड़ों खाली शीशी एवं डाबर कंपनी का रैपर भी बरामद हुआ।

**एक बाल्टी पानी में एक ढक्कन केमिकल :** छठीराम साव ने पुलिस को बताया कि बिहार यादव नाम के आदमी ने उसे खाली शीशी, रैपर और एक बड़ी बोतल में गुलाब सा सुगंधित केमिकल दिया था। केमिकल का एक ढक्कन एक बाल्टी पानी में डालकर उसे नकली गुलाब जल बनाकर शीशी में भरकर डाबर कंपनी का रैपर लगा दिया जाता था। इसके एवज में प्रति शीशी तीन रुपये के हिसाब से पैसे दे कर माल ले जाते थे।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/dhanbad-fake-rose-water-factory-in-dhanbad-20126486.html